Sc

[54] No. of printed pages : 2

**SARDAR PATEL UNIVERSITY**
**B. A. (IV Semester) (HINDI) Examination**
**Saturday, 16th April 2016**
**2:30 pm to 5:30 pm**
**UA04CHLT08 – हिन्दी कविता – भाग–२ : काव्यायन**

**कुल गुण : ७०**

**सूचना : हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अनिवार्य है ।**

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए (**किन्हीं तीन**) (१५)

अ) ''प्रथम रश्मि का आना, रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल –विंहगिनि !
पाया तूने यह गाना ?''

आ) ''न जाने कौन, अये द्युतिमान् !
जान मुझको अबोध, अज्ञान,
सुझाते हो तुम पथ अनजान
फूँक देते छिद्रों में गान;
अहे सुख–दुःख के सहचर मौन !
नहीं कह सकती तुम हो कौन !''

इ) ''निशा की, धो देता राकेश चाँदनी में जब अलकें खोल,
कली से कहता था मधुमास बता दो मधुमदिरा का मोल
झटक जाता था पागल पात धुलि में तुहिन-कणों के हार
सिखाने जीवन का संगीत तभी तुम आये थे इस पार ।''

ई) ''धीरे-धीरे उत्तर क्षितिज से
आ वसन्त रजनी ।
तारकमय नव वेणी बन्धन
शीश–फूल कर शशि का नूतन
रश्मि–वलय सिर घन–अवगुण्ठन
मुक्ताहल अभिराम बिछा दे
चितवन से अपनी
पुलकती आ वसन्त रजनी ।''

उ) ''सावधान मनुष्य ! यदि विज्ञान है तलवार
तो इसे दे फेंक तज कर मोह स्मृति के पार
हो चुका है सिद्ध, है तू शिशु अभी अज्ञान,
फूल–काँटों की तुझे कुछ भी नहीं पहचान
खेल सकता तू नहीं ले हाथ में तलवार
काट लेगा अंग तीखी है बड़ी यह धार ।

प्र.२ महादेवी वर्मा के काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.२ टिप्पणी लिखिए :- (२०)

क) 'प्रथम रश्मि' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए ।

ख) 'भारत माता' कविता में देश के प्रति व्यक्त भाव स्पष्ट कीजिए ।

प्र.३ सुमित्रानंदन पंत की काव्य कृतियों का परिचय दीजिए । (२०)

**अथवा**

प्र.३ टिप्पणी लिखिए :- (२०)

क) 'मैं नीर भरी दुःख की बदली' कविता का भाव व्यक्त कीजिए ।

ख) 'निशा की धो देता राकेश' कविता का सौंदर्य स्पष्ट कीजिए ।

प्र.४

(क) टिप्पणी लिखिए :

१) पंत की 'नौका विहार' कविता का मुख्य भाव । (०८)

**अथवा**

१) कुरुक्षेत्र के छठे सर्ग की कथा । (०८)

(ख) अतलिघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **(कोई सात)** (०७)

१) पंतजी का पूरा नाम बताइए ।

२) महादेवी वर्मा को ज्ञानपीठ पुरस्कार उनकी किस रचना के लिए प्राप्त हुआ ?

३) महादेवी वर्मा की चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

४) 'महाभारत' पर आधारित दिनकर की दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

५) दिनकर की प्रमुख चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

६) पंतजी को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला ?

७) 'कुरुक्षेत्र' में कितने सर्ग हैं ?

८) महादेवी वर्मा ने किस पत्रिका का संपादन किया ?

@@@